# University in News on 26 January 2025

## i-NEXT PAGE 4

### एलयू के स्टूडेंट्स ने ग्रह परेड का देखा नजारा

**LUCKNOW (25 Jan):** शनिवार को आकाश में एक दुर्लभ नजारा दिखाई दिया. जब 6 ग्रह एक साथ एक सीधी लाइन में दिखाई दिए. इस अनोखे नजारे को देखने के लिए एलयू में डॉ. अलका मिश्रा के डायरेक्शन में स्टूडेंट्स ने 4 ग्रहों बृहस्पति, शनि, शुक्र और मंगल के साथ-साथ ओरियन, पर्सियस, एंड्रोमेडा, कैनिस मेजर और कैनिस माइनर जैसे नक्षत्रों का भी ऑब्जरवेशन किया. आकाश में घटित इस अनोखी घटना को देखने के लिए स्टूडेंट्स काफी एक्साइटेड दिखे.

### धूमधाम के साथ मना वोटर्स डे

**LUCKNOW(25 Jan):** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 15 वें वोटर्स डे के मौके पर वोट के महत्व को बताने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. जिसमें एलयू, अटल बिहारी बाजपेई नगर निगम डिग्री कॉलेज और दिव्यांग जन सशक्तिकरण के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे. इस कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा, मंडलायुक्त रौशन जैकब, जिलाधिकारी विशाख जी आदि मौजूद रहे.

## AMRIT VICHAR PAGE 7

### राज्यपाल करेंगी लविवि में आईएससीबी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की राज्यपाल और लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल 27 को मालवीय हॉल में 10 बजे 30वें आईएससीबी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईएससीबीसी 2025) का उद्घाटन करेंगी। यह सम्मेलन विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग और इंडियन सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्स एंड बायोलॉजिस्ट्स द्वारा 27 से 29 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है।

इस वर्ष का सम्मेलन ‘रासायनिक, जैविक और औषधि विज्ञान में वर्तमान रुझानः स्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्रभाव’ विषय पर चर्चा करेगा। अत्याधुनिक शोध पर चर्चा करने, वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के कई क्षेत्रों में प्रगति को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच बनने का वादा करता है। आमंत्रित व्याख्यानों के 24 सत्र होंगे, जिनमें 94 वक्ता होंगे और दो पोस्टर सत्र होंगे, जिनमें 118 पोस्टर प्रस्तुत किए जाएंगे।

### लविवि का स्टॉल रहा आकर्षण का केंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ:** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस से मनाया गया। इस अवसर पर स्टॉल भी लगाए गए जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के अटल बिहारी बाजपेई नगर निगम डिग्री कॉलेज और दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग के स्टॉल प्रमुख आकर्षण रहे। कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा, मंडलायुक्त रौशन जैकब और जिलाधिकारी विशाख मौजूद रहे।

### लविवि के छात्रों ने देखी खगोलीय ग्रह परेड

**अमृत विचार, लखनऊ:** आकाश में दुर्लभ खगोलीय नजारा दिखाई दिया जिसमें 6 ग्रह एक सीधी रेखा में संरेखित हुए। जिसे ग्रह परेड के नाम से जाना जाता है, जिसे पृथ्वी से देखा जा सकता है। इस अद्भुत और प्रेरणादायक घटना को मनाने के लिए डॉ. अलका मिश्रा के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में एक आकाश अवलोकन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्रों के साथ-साथ चंद्रशेखर आजाद छात्रावास और अन्य परिसर छात्रावासों के निवासियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। छात्रों को 4 ग्रहों बृहस्पति, शनि, शुक्र और मंगल और नक्षत्रों जैसे ओरियन, पर्सियस, एंड्रोमेडा, वृषभ, कैनिस मेजर और कैनिस माइनर का अवलोकन करने का अवसर मिला।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

### राज्यपाल कल करेंगी आईएससीबी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 27 जनवरी को मालवीय हॉल में प्रातः 10.00 बजे 30वें आईएससीबी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईएससीबीसी 2025) का उद्घाटन करेंगी। यह सम्मेलन लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक राय के संरक्षण में लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग और इंडियन सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्स एंड बायोलॉजिस्ट्स द्वारा 27 से 29 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष का सम्मेलन ‘रासायनिक, जैविक और औषधि विज्ञान में वर्तमान रुझानः स्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्रभाव’ विषय पर चर्चा करेगा और अत्याधुनिक शोध पर चर्चा करने, वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के कई क्षेत्रों में प्रगति को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच बनने का वादा करता है। यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय रसायन विज्ञान समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर का प्रतिनिधित्व करता है आमंत्रित व्याख्यानों के चौबीस सत्र होंगे, जिनमें 94 वक्ता होंगे और दो पोस्टर सत्र होंगे, जिनमें 118 पोस्टर प्रस्तुत किए जाएंगे। यह सम्मेलन विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक साथ लाएगा, हमारा लक्ष्य सतत विकास से लेकर स्वास्थ्य, पर्यावरण और दवा खोज तक हमारे समय के कुछ सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करना है।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### पीएचडी के चार और विषयों के परिणाम जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विवि ने शनिवार को पीएचडी के चार और विषयों (समाजकार्य, इकनॉमिक्स, जियोग्रफी और गणित) का अंतिम परिणाम जारी कर दिया। विद्यार्थी वेबसाइट पर कटऑफ सूची देख सकते हैं। प्रवेश समन्वय डॉ. अनित्य गौरव ने बताया कि सीटों के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थी पूर्व में दी गई लॉगिन आईडी व पासवर्ड का उपयोग कर फीस जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि 28 जनवरी है। (संवाद)

### लविवि में छात्रों ने देखी ग्रहों की परेड

**लखनऊ।** लविवि के छात्रों ने शनिवार को आकाश में घटित अद्भुत खगोलीय घटना का आनंद लिया। टेलीस्कोप के जरिये ग्रहों की परेड देख अनोखे दृश्य का अहसास किया। डॉ. अलका मिश्रा की अगुवाई में छात्रों ने चार ग्रहों बृहस्पति, शनि, शुक्र व मंगल और नक्षत्र ओरियन, पर्सियस, एंड्रोमेडा, कैनिस माइनर का भी अवलोकन किया। (संवाद)